जे.डी.ए. ने 50 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण

कालवाड़ रोड पर करधनी विस्तार योजना में 15 बीघा जमीन पर 80 झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर किया हुआ था अवैध कब्जा

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण ने कालवाड़ रोड पर करधनी विस्तार योजना में 50 करोड़ रु. की 15 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसके अलावा 7 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही दो अवैध कॉलोनियों को भी पूर्णत: ध्वस्त किया। इसके अलावा जगतपुरा अशोक विहार में सरकारी आम रास्ते और रोड सीमा की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया। यह तमाम कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-12 स्थित कालवाड रोड पर करधनी विस्तार योजना में जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती करीब 15 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से 80 झुग्गी-झोपड़ियां, तिरपाल, बांस तम्बू लगाकर, व अन्य सामान डालकर अवैध कब्जा और अतिक्रमण कर लिया था। इसकी सूचना मिलते ही उपायुक्त जोन-12 के राजस्व-तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर

प्रवर्तन दस्ते ने अवैध अतिक्रमण को हटाया।

इसके अलावा कालवाड रोड पर पार्थ सिटी के पीछे मण्डाभोपा वास, करीब 4 बीघा कृषि भूमि पर बिना जे.डी.ए. अनुमति बसाई जा रही "दिव्या

- **कालवाड़ रोड पर पार्थ सिटी के पास कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध "दिव्या कॉलोनी और लक्ष्मी विहार" को भी ध्वस्त किया**

कॉलोनी" को भी ध्वस्त किया। यहां पर काश्तकार और बिल्डर ने मिट्टी-ग्रेवल की सड़क और अन्य कई अवैध निर्माण कर लिए थे।

इसी प्रकार कालवाड रोड पार्थ सिटी के पीछे 3 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी 'लक्ष्मी विहार' को भी ध्वस्त किया। इसके अलावा जगतपुरा अशोक विहार में सरकारी आम रास्ते, रोड सीमा की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल, बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था, इसे भी हटाया गया। इसी प्रकार जोन-10 में आगरा रोड डूड नदी के पास 3 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को भी ध्वस्त किया।

सी.एफ.ओ. सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । बनीपार्क थाना इलाके में एक अस्थाई महिला फायरमैन ने सीएफओ सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामले में पीडिता ने आरोपियों पर उसे व्हाट्सएप पर अश्लील फोटो, वीडियो और बातें करने का आरोप लगाया है।

एसीपी (सदर) धर्मवीर सिंह ने बताया कि मानसरोवर निवासी एक युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह दमकल विभाग में 2019-20 में संविदा पर अस्थाई फायरमैन के पद पर लगी थी। वर्तमान में वह घाटगेट फायर स्टेशन पर तैनात है। इसके बाद से ही सीएफओ देवेंद्र मीणा, विकास और नीरज ने उसे लगातार परेशान कर रहे है। आरोपियों ने उसके वाट्सअप नम्बर पर अश्लील बातें करने के साथ संदेश भी भेजते थे। आरोपियों द्वारा लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता ने आरोपियों को कई बार उसे परेशान न करने के लिए मिन्नतें की, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। परेशान होकर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेलवे ट्रैक पर मिला हाथ-पैर कटा शव

ट्रेन से टकराकर घसीटता चला गया युवक, शरीर पर रगड़ के निशान मिले

जयपुर (कासं)। जीआरपी थाना इलाके में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला है। उसके पैर कटकर अलग पड़े हुए थे। ट्रेन से टकरा कर वह कुछ दूरी तक घसीटता हुआ साथ चला गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

पुलिस ने बताया कि झर रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म नंबर-1 पर युवक का शव पड़ा मिला है। रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे ट्रैक के पास शव दो भागों में कटा हुआ था। धड़ से कट कर पैर अलग पड़े हुए थे। एक हाथ कटा हुआ मिला। दोनों हाथों के पंजे भी कटे हुए थे। पुलिस ने मौका-मुआयना कर मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए

- **पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को बस्सी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है, मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बतायी जा रही है।**

शव को बस्सी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 25 साल है, जिसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक का कद करीब 5.3 फीट, रंग-गेहुंआ है। उसे आसमानी रंग की शर्ट व हल्के नीले रंग की पेंट और स्पोर्ट्स शूज पहन रखे है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि टक्कर लगने के बाद ट्रेन घसीटते हुए युवक को अपने साथ कई फीट दूरी तक ले गई। जिसके चलते ही दो हिस्सों में शरीर बटने के साथ ही शरीर पर जगह-जगह रगड़ के निशान है।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके में एक होटल परिसर में एक युवक ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि नारायण सिंह सर्किल के पास होटल नारायण सिंह प्राइवेट लिमिटेड परिसर में एक हिस्से में होटल नारायण निवास चलती है और दूसरे में रिहायशी आवास के साथ स्टाफ क्वार्टर बने हुए है। होटल परिसर में स्टाफ क्वार्टर के पास लगे पेड़ पर एक युवक चुन्नी के फंदे से लटका मिला। होटल स्टाफ की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीढ़ियों से चढ़कर दूसरी मंजिल की छत पर लगे गेट को बाहर से बंद होने पर तोड़ा, जिसके बाद फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम की मदद से मौके से सबूत जुटाए गए। पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के लिए शव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सिंह का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 35-40 साल है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पहनावे से वह मजदूर प्रतीत होता है। होटल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर युवक की करतूत कैद मिली।

गौशालाओं को भूमि आवंटन के नियमों में संशोधन पर चर्चा हुई

जयपुर । पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव पशुपालन एवं गोपालन भी उपस्थित थे। बैठक में गौशालाओं को भूमि आवंटन के नियमों में संशोधन पर राजस्व विभाग के प्रतिनिधि के साथ विस्तृत चर्चा हुई। वर्तमान नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों में आश्रय स्थल खोलने में कठिनाई हो रही है। कुमावत ने इस समस्या के निराकरण के लिए गौशाला अधिनियम 1960 के दिशानिर्देशों में कुछ लचीलापन लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर आश्रय स्थलों की योजना के नियमों में भी कुछ संशोधन किया जाए जिससे गोशालाएं खोलने में सुविधा हो और इनकी संख्या बढ़े।

जैसलमेर जिले की गोशालाओं द्वारा फर्जी अनुदान प्राप्त किए जाने के जांच की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि फर्जी गोशालाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए और दंडस्वरूप उनसे वसूली भी की जाए जिससे दूसरे गोशाला संचालकों के लिए भी उदाहरण पेश हो। उन्होंने गोशालाओं के बकाया अनुदान के भुगतान की व्यवस्था भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सूचित किया कि अप्रैल माह से गोशालाओं को नई बजट घोषणा के अनुसार अनुदान राशि दी जाएगी। बैठक में जिला स्तरीय नंदीशाला योजना के संशोधित प्रारूप पर भी चर्चा हुई। मंत्री कुमावत ने कहा कि वर्तमान में जिला स्तर पर नंदीशाला खोलने के लिए दी जा रही अनुदान राशि बहुत ही कम है जिसकी वजह से नंदीशालाएं नहीं खुल रही हैं। इसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को भेजने के अधिकारियों को निर्देश दिए। गोशाला विकास योजना के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण कर उन्हें शून्य पर लाने का निर्देश भी श्री कुमावत ने अधिकारियों को दिया। बैठक में बताया गया कि अधिकांश लंबित मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। श्री कुमावत ने कहा कि अपात्र गोशालाओं का विभाग की ओर से मार्गदर्शन किया जाए जिससे वे भी अपनी पात्रता सिद्ध कर सकें और उन्हें भी सरकार से सहयोग मिल सके जिससे गोशालाएं अच्छी तरह चल सकें।

जोराराम कुमावत ने इस अवसर पर गोपालन विभाग द्वारा अनुदानित गौशालाओं में गौवंश को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु मुख्य निष्पादन संकेतकों के आधार पर मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर गौशाला की रैंकिंग व ग्रेडिंग व्यवस्था हेतु गोपालन वेब एप्लीकेशन पर ज्ञच्प् के मॉडयूल का लोकार्पण भी किया। इस व्यवस्था को लागू करने से गौशालाओं में सुविधा, विकास एवं अपेक्षित गतिविधियों के क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। बैठक में गोपालन विभाग के निदेशक प्रहलाद सहाय नागा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

रूपा मीणा की जेल से वापसी पर जश्न मनाने वाले आठ संदिग्ध बदमाश पकड़े

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मालवीय नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिला स्तरीय हार्डकोर एवं सक्रिय अपराधी रूपनारायण उर्फ रूपा मीणा की जेल से वापसी पर जश्न मनाने वाले आठ संदिग्ध बदमाशों को गिरफ्तार किया है और साथ ही दो चौपहिया वाहन भी जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिला स्तरीय हार्डकोर एवं सक्रिय अपराधी रूपनारायण उर्फ रूपा मीणा की जेल से वापसी पर जश्न मनाने की तैयारियां कर रहे अर्जुन लाल निवासी आमेर, राजेन्द्र मीणा निवासी मालवीय नगर, कन्हैयालाल मीणा निवासी आमेर, विक्रम कुमार मीणा निवासी आमेर, हरीश कुमार मीणा निवासी आमेर, सचिन मीणा निवासी बस्सी, लक्ष्मण मीणा निवासी टोंक और शम्भुदयाल निवासी बस्सी को गिरफ्तार किया है और साथ ही दो

मालवीय नगर पुलिस ने हार्डकोर बदमाश रूपा मीणा की जेल वापसी पर जश्न मनाने वाले आठ संदिग्ध बदमाशों को गिरफ्तार किया।

चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रूपा मीणा की जेल से रिहाई होने के अवसर पर रूपा गैंग के 15-20 बदमाश रोड पर जुलूस निकालने सहित रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने कलए विडियो बनाने के लिए गाड़ियों लेकर घूम रहे है। वहीं दूसरे गैंग मनीष सैनी के बदमाश भी अपनी गाड़ी लेकर घूम रहे है। संभवत दोनों गैंगो के बीच झगड़ा और टकराव होने के चलते पुलिस ने कार्रवाई की है।

सार-समाचार

हादसे में पिता की मौत, बेटी घायल

जयपुर। हरमाड़ा थाना इलाके में गुरुवार सुबह एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी चोटिल हो गई। मृतक अपनी बड़ी बेटी के ससुराल में किसी प्रोग्राम में शामिल होने जयपुर आया था। प्रोग्राम में शामिल होकर वापस लौटने के दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। पुलिस के अनुसार आसपुर श्रीमाधोपुर निवासी 61 वर्षीय कैलाश चंद सैनी अपने बेटी अनिता के साथ बड़ी बेटी के ससुराल सांगानेर में किसी प्रोग्राम में शामिल होने बुधवार को आया था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह गुरुवार सुबह अपनी बेटी अनिता को लेकर वापस गांव जा रहा था। इसी दौरान नीदड़ मोड़ पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे बेटी उछल कर दूर जा गिरी और वह सड़क पर गिर गया। ट्रक कैलाश को कुचलता हुआ आगे निकल गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर कैलाश की मौत हो गई। जबकि अनिता को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्तकर हरमाड़ा थाने में खड़ा करवा दिया। मामले की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम कर रही है।

"गीत ग़ज़ल का गुलदस्ता" का विमोचन

जयपुर। ख्वाजा गरीब नवाज अमन कमेटी झोटवाड़ा की ओर से कविवर अब्दुल अय्यूब गौरी द्वारा रचित तृतीय पुस्तक गीत ग़ज़ल का गुलदस्ता का विमोचन समारोह होटल मनोहर पैलेस में आयोजित किया गया। इस अवसर पर "होली ईद मिलन समारोह एवं पूर्व विधायक वीरू सिंह का जन्म दिन समारोह भी मनाया। विमोचन कार्यक्रम विष्णु दास नागा महाराज एवं पूर्व जिला जज अयाज मोहम्मद कुरैशी के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीरू सिंह पूर्व विधायक, मंजू शर्मा, तबस्सुम रहमानी, प्रेम पहाड़ पुरी, सिकंदर नियाज़ी, शमीम रॉयल, एडवोकेट गौरव सैनी, मलक शेर खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डॉ मेजर रिजवान गौरी एवं इमरान गौरी ने अतिथियों का स्वागत किया।

पेटीएम ट्रेवल पास से सफर सस्ता-आसान

जयपुर। जो लोग अक्सर यात्रा करते हैं, जैसे फ्रीक्वेंट फ्लायर्स और बिज़नेस ट्रैवलर्स, उन्हें यात्रा के दौरान कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी टिकट के लिए ऊँचे दाम चुकाने पड़ते हैं, तो कभी उडान रद्द करने पर नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन अब, पेटीएम ने इन यात्रियों के लिए पेटीएम ट्रेवल पास के रूप में एक शानदार समाधान निकाला है। पेटीएम ट्रेवल पास एक सब्सक्रिप्शन-आधारित पेशकश है, जो 1299 रुपए में उपलब्ध है। इस पास के साथ आपको कई फायदे मिलते हैं, जैसे मुफ्त रद्दीकरण, यात्रा बीमा और 15 हजार 200 रुपए तक की सीट बुकिंग छूट।

किश्त जमा की छूट अब 30 अप्रैल तक

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नगरीय विकास विभाग के आदेशों की अनुपालना में ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों से प्रथम किस्त 31 मार्च 2025 तक जमा करवाकर ब्याज-पैनल्टी में छूट प्रदान की गई थी, जिसे 30 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटियों को चार त्रैमासिक किस्तों में ब्याज एवं पैनल्टी में छूट के साथ राशि जमा करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह छूट प्रथम 31 मार्च तक जमा की शर्त पर दी गई थी, जिसे 30 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। उल्लेखनीय है कि जयपुर में ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों द्वारा आवंटन पत्र जारी करने एवं बिना ब्याज व शास्ति की राशि जमा कराने हेतु बार-बार जेडीसी से निवेदन किया गया।

जबरन वसूली करने वाले दो गिरफ्तार

जयपुर। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डरा-धमका कर जबरन वसुली करने वाले दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक बाइक भी जब्त की है। आरोपित सूनसान जगहों पर आमजन राहगीरों से मोबाइल और रुपये भी छीनने है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डरा-धमका कर जबरन वसुली करने वाले हिस्ट्रीशीटर मोहित उमरवाल निवासी शास्त्री नगर और अजय नायक निवासी भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में दर्जनों मामले दर्ज है। आरोपी बदमाश होने का कहकर व्यापारियों को डरा-धमकाकर मंथली वसूली करते है और मंथली वसूली नहीं देने पर मारपीट करते है।

एसीएमई सोलर को रिफाइनेंसिंग सुविधा

जयपुर। भारत की प्रमुख रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी और एसीएमई ग्रुप के प्रमुख व्यवसाय, एसीएमई सोलर होल्डिंग्स को आंध्र प्रदेश, राजस्थान और पंजाब में संचालित अपने 490 मेगावाट के रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए 2491 करोड़ रुपए की दीर्घकालिक रिफाइनेंसिंग (पुर्नवित्त) सुविधा मिली है। कंपनी को यह सुविधा 18-20 साल की अवधि के लिए मिली है, जिसका उद्देश्य पुराने ऋण को चुकाना और वित्तीय लागत को कम करना है। यह रिफाइनेंसिंग (पुनर्वित्त पोषण) एसबीआई और आरईसी से 8.8 प्रतिशत की कम औसत ब्याज दर पर हासिल की गई है। इससे न सिर्फ कंपनी की क्रेडिट प्रोफाइल मजबूत हुई है, बल्कि को-ऑब्लिगर स्ट्रक्चर के तहत आंध्र प्रदेश और पंजाब की इकाइयों को बेहतर क्रेडिट रेटिंग भी मिली है। यह जानकारी एसीएमई सोलर होल्डिंग्स के मुख्य वित्तीय अधिकारी, पुरुषोत्तम केजरीवाल ने दी है।

पिछली साल की तुलना में राजस्व में 12.5 प्रतिशत वृद्धि : मुख्यमंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्व संग्रहण किसी भी राज्य के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का आधार होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर चोरी सहित राजस्व लीकेज के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश की राजस्व आय में गत वर्ष की तुलना में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राजस्व संग्रहण आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि टैक्स कम्पाइलेंस बढ़ाने, कर प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने एवं राजस्व लीकेज रोकने के साथ ही राजस्व लक्ष्यों का निर्धारण भी किया जाए। बैठक में वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के जीएसटी संग्रहण में पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्यिमयों को जीएसटी, वैट एवं अन्य आवश्यक सभी विवरण उपलब्ध कराने के लिए इंटीग्रेटेड टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम की घोषणा की है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को उक्त प्रणाली के अधिक से अधिक उपयोग एवं कर से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने जीएसटी चोरी से संबंधित मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आबकारी नीति में किए गए नीतिगत सुधारों से इस वर्ष आबकारी से राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 14 प्रतिशत अधिक रहा है।

'सरसों-चना खरीद में गड़बड़ी हुई तो उप रजिस्ट्रार और मैनेजर पर होगी कार्यवाही'

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिलना चाहिए। आगामी 10 अप्रेल से शुरू होने जा रही सरसों एवं चना की खरीद के लिए समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चत कर ली जाए। यदि खरीद प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी सामने आती है या किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, तो संबंधित उप रजिस्ट्रार एवं मैनेजर की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

सहकारिता मंत्री गुरुवार को अपेक्स बैंक सभागार में विभागीय अधिकारियों की संभाग स्तरीय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

दक ने कहा कि सरसों-चना खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 1 अप्रेल से शुरू हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन की संख्या के अनुरूप यदि अतिरिक्त खरीद केन्द्र खोलने हों तो इसकी तैयारी पहले

सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों की संभाग स्तरीय बैठक ली।

से ही कर ली जाए। एक से डेढ़ सप्ताह के बारदाने की व्यवस्था अग्रिम रूप से रखी जाए। साथ ही, खरीदी गई जिंस गोदाम में सुरक्षित रूप से जमा हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। दक ने निर्देश दिए कि टोल फ्री नम्बर पर किसानों की समस्याएं सुनकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए। बारिश की स्थिति में किसानों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल का बंदोबस्त किया जाए। जिन कार्मिकों के पास लम्बे समय से एक ही खरीद केन्द्र का प्रभार है, उनका सेंटर बदला जाए। साथ ही, खरीद प्रक्रिया के सम्बन्ध में एक गाइडलाइन भी शीघ्र जारी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में एक-एक विजिलेंस टीम का गठन किया है जो खरीद केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण करेगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंक अल्पकालीन फसली ऋण वितरण के साथ ही नए डिपोजिट्स बढ़ाने तथा अन्य प्रकार के ऋण वितरण पर भी फोकस करे ताकि उनकी आय में वृद्धि में हो। साथ ही, लोगों को बेहतर सर्विसेज उपलब्ध करवाएं, जिससे लोगों का सहकारी बैंकों के प्रति विश्वास बढ़े।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से गोपालक परिवारों की आय बढ़ाने पर फोकस किया जाए। अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें कि जिस कार्य के लिए ऋण उपलब्ध करवाया गया है, वह उसी कार्य में उपयोग हो। दक ने निर्देश दिए कि सभी सहकारी समितियों की समयबद्ध रूप से ऑडिट करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही, ऑडिट की जांच कर गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों पर भी कार्यवाही की जाए।

निम्स यूनिवर्सिटी में "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" पर चर्चा

इस कॉफ्रेंस में भारत, जापान, अमेरिका, ग्रीस, चेक गणराज्य, हंगरी और ऑस्ट्रिया के शिक्षाविद और वैज्ञानिक जुटे

जयपुर (कासं)। निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान के मरिक संस्थान द्वारा आयोजित "निम्स एआई कॉफ्रेंस 2025" एक भव्य तकनीकी सम्मेलन के रूप में सामने आया, जिसमें विश्वभर से आए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और प्रौद्योगिकीविदों ने एआई, मशीन लर्निंग (एमएल), स्मार्ट सिटीज, चिकित्सा सुविधाओं में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग, जैसे विविध विषयों पर चर्चा हुई। डॉ एलिस्का जिगोवा, भारत में चेक गणराज्य की राजदूत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस सम्मेलन में भारत, जापान, अमेरिका, ग्रीस, चेक गणराज्य, हंगरी और ऑस्ट्रिया जैसे देशों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने भागीदारी की। उन्होंने स्मार्ट शहर, डिजिटल स्वास्थ्य, विश्वासनीय एआई, औद्योगिक रोबोटिक्स और डिजिटल मानवतावाद जैसे विषयों पर गहन चर्चा की।

टोक्यो विश्वविद्यालय, जापान से आये डॉ. मिज़ूची ने अपने व्याख्यान में बताया कि कैसे रोबोटों को मानव शरीर और व्यवहार की तरह डिज़ाइन किया जा

निम्स विश्वविद्यालय में आयोजित "ए.आई. कॉफ्रेंस" में बतौर मुख्य अतिथि चेक गणराज्य की राजदूत डॉ.एलिस्का जिगोवा ने शिरकत की, जिनका स्वागत डॉ. बी.एस.तोमर ने किया।

सकता है, ताकि वे सामाजिक परिस्थितियों में सहजता से कार्य कर सकें। उन्होंने ऐसे रोबोटों की कल्पना की, जो न केवल चल-फिर सकें, बल्कि सोच सकें, प्रतिक्रिया दे सकें और भावनात्मक संकेतों को समझ सकें। उन्होंने अपने अनुसंधान के माध्यम से यह दिखाया कि आने वाले समय में ऐसे रोबोट वृद्धजनों की देखभाल, अंतरिक्ष अनुसंधान और आपातकालीन सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

टेक्सास विश्वविद्यालय, अमेरिका से आय प्रो. क्रेनोविच ने बताया कि डीप लर्निंग क्यों इतनी सफल रही है, इसके पीछे के गणितीय और तकनीकी कारण क्या हैं और आगे इस क्षेत्र में क्या चुनौतियाँ हैं। उन्होंने ऊर्जा दक्षता, निर्णय की पारदर्शिता और नैतिक पक्षों पर भी चर्चा की।

चेक तकनीकी विश्वविद्यालय,

- **इस कॉफ्रेंस में स्मार्ट शहर, डिजिटल स्वास्थ्य, विश्वासनीय एआई, औद्योगिक रोबोटिक्स और डिजिटल मानवतावाद जैसे विषयों पर चर्चा की गई**

यूरोप से आये प्रो. स्विटेक ने प्राग शहर में चल रहे एवेन्यू प्रोजेक्ट का उदाहरण देकर यह समझाया कि कैसे एक शहर को 'स्मार्ट सिटी' में बदला जा सकता है। इसमें स्वचालित वाहन, संवेदनशील यातायात प्रणाली और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहरी योजनाओं को एआई से जोड़ना शामिल है। उन्होंने बताया कि भविष्य के शहर टेक्नोलॉजी आधारित होंगे, लेकिन उनका केंद्र बिंदु मनुष्य रहेगा।

अशोका विश्वविद्यालय से आये प्रो. बनर्जी ने बताया कि आज की एआई प्रणाली शक्तिशाली तो है, परन्तु कई बार उनके निर्णय पारदर्शी नहीं होते। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भविष्य की एआई प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो केवल निर्णय ही न ले, बल्कि उसके पीछे की सोच को भी समझा सके, न्यायसंगत हो और किसी भी सामाजिक वर्ग के प्रति भेदभाव न रखे। उन्होंने नीति निर्धारकों से भी आग्रह किया कि वे एआई की नैतिकता के विषय में गहराई से सोचें।

चेक तकनीकी विश्वविद्यालय, प्राग से आय डॉ. सेदिवी ने बताया कि बड़े भाषा मॉडल (जैसे कि चैटबॉट और सहायक प्रणालियाँ) अब केवल संवाद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जटिल परिस्थितियों में निर्णय भी ले सकेंगे। उन्होंने नई तकनीकों जैसे स्मृति-सहायता प्राप्त उत्तर, तर्क आधारित शिक्षण और विषय-विशेष समझ के विकास पर अपने शोध साझा किए।

प्रो. व्लादिमीर मारिक, चेक तकनीकी विश्वविद्यालय से पैनल चर्चा में विभिन्न देशों के विशेषज्ञों ने मिलकर एआई के भविष्य पर अपनी बातें रखीं। चर्चा में शामिल विषयों में नैतिक एआई, शैक्षिक एआई, मानव-कंप्यूटर सहयोग, और नियमन की भूमिका प्रमुख रही। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि एआई का विकास तब तक स्थायी नहीं हो सकता, जब तक उसमें सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्य न जुड़े हों। इस सत्र में बताया गया कि किस प्रकार एआई का उपयोग औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन की प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बना रहा है। रोबोट अब केवल आदेश का पालन करने वाले यंत्र नहीं रहे, बल्कि वे मानव के साथ मिलकर बुद्धिमत्ता से कार्य कर सकते हैं। वक्ताओं ने यह बताया कि एआई के उपयोग से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि रोग की गंभीरता को समय रहते पहचाना जा सकता है, जिससे रोगी को त्वरित और सटीक उपचार मिल सकता है। निम्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. (डॉ.) बलवीर एस. तोमर के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आयोजन संभव हुआ, जिसमें एशिया और यूरोप के श्रेष्ठतम संस्थानों के बीच संवाद, सहयोग और साझेदारी को नई ऊंचाइयाँ मिलीं। डॉ. तोमर ने अपने समापन भाषण में कहा:" केवल तकनीक नहीं है, यह सोच की क्रांति है। यह सम्मेलन भारत को नवाचार में अग्रणी बनाएगा।